# किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

## किसानों के साथ अन्याय करो बंद सड़कों पर जलेगा आंदोलन का अलाव




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 24 अप्रैल,एक तरफ किसान स्लाट बुक नहीं होने चना खरीदी और भुगतान प्रक्रिया से परेशान हो रहे हैं वही किसानों की समस्या पर अब राजनीति भी गर्माने लगी है.**

पूर्व विधायक शशांक भार्गव जो कि अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं नें किसनों की समस्या पर सोशल मीडिया पर आहवान कर, किसानों को एकत्रित कर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.पूर्व विधायक नें मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा था कि हमने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था जिसको केंद्रीय कृषि मंत्री ने संज्ञान लेते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक ली थी केंद्रीय मंत्री ने कहा था हम किसानों का एक-एक दाना खरीदेंगे डबल इंजन की सरकार में राज्य सरकार का इंजन छुक छुक नहीं बोल रहा है कहते हुए शिवराज की तारीफ की थी.

इसके बाद शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने पत्रकार वार्ता में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे मोहन सरकार की छवि खराब करने के लिए किसानों के साथ षड्यंत्र कर रहे हैं.

किसान सरकार और प्रशासन को कोसता रहे और शिवराज सिंह चौहान खुद की छवि साफ बनी रहे. पहले तो उपार्जन प्रक्रिया को जटिल और अव्यवहारिक बनाया गया फिर अपने ही कार्यकर्ताओं जिसमें एक विधायक एवं पूर्व विधायक शामिल है से अपनी तारीफ और मोहन सरकार की बुराई करा कर किसानों को भ्रमित कर रहे है.

> जब चुनाव में किसानों के वोट चाहिए थे, तब हम 'अन्नदाता' थे, आज हम ही व्यवस्था के शिकार क्यों हैं? क्या किसानों की उम्मीदों का यही इनाम है? मोर्चा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वे किसानों की लड़ाई लड़ने के बजाय अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने में जुटे हैं. किसानों की समस्याओं पर उनकी चुप्पी, उनकी नीयत पर सवाल खड़े करती है.मोर्चा ने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसान सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे. यह आंदोलन सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ निर्णायक जंग होगा—और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी.

## नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**आष्टा.** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 16 वर्ष 06 माह की नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर अपहरण के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है. पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका की तलाश शुरू की. लगातार प्रयासों के बाद टीम ने इंदौर से नाबालिग बालिका को बरामद कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया. बालिका ने बताया कि मोहल्ले का रहने वाला दिलीप उर्फ गोलू निवासी इंद्रा कॉलोनी उसे बहला-फुसलाकर इंदौर ले गया था, जहां उसने उससे विवाह कर लिया.

# 138 में से अभी तक 9 हैंडपंप ने तोड़ा दम

**38 कुएं व 100 बोर पर लगे हैं हैंडपंप**

**गर्मी की आहट, गिरने लगा भूजल स्तर**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 24 अप्रैल, क्षेत्र में इन दिनों गर्मी ने असर दिखाना शुरु कर दिया है. क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही भूजल स्तर में भी गिरावट आने लगी है. गर्मी की शुरुआत में ही अभी तक शहर के करीब 138 में से 9 हैंडपंप से पानी निकलना बंद हो गया हैं. वहीं कई कुयें, बावड़ियों के जलस्तर में गिरावट दिख रही है. आगामी दिनों में तापमान में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने एवं गर्मी बढ़ने पर भूजल स्तर में ओर अधिक कमी होने की संभावना है. जिससे पानी की कमी से कई ओर हैंडपंप बंद हो सकते हैं.**

नपा के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल शहर में नगरपालिका द्वारा करीब 138 हैंडपंप का रखरखाव किया जाता हैं. जिनमें से करीब 38 हैंडपंप कुयें, बावड़ियों पर लगे हैं. जबकि करीब 100 हैंडपंप बोर पर लगे हुये हैं. इनमें से पानी की कमी होने से अभी तक 9 हैंडपंप से पानी निकलना बंद हो चुका हैं. वही सूत्रों की मानें तो शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों के कई कुयें, बावड़ी के जलस्तर में भी गिरावट आने लगी है. गर्मियों की शुरुआत में ही भूजल स्तर में गिरावट होने से ग्रामीण अंचलों में भी कई हैंडपंप से पानी निकलना बंद होने लगा है.



### गर्मी की शुरुआत में ही सूखने लगा प्राचीन तालाब

शहर में स्थित प्राचीन तालाब में भरपूर पानी भरे रहने से आसपास के क्षेत्र के कुएं, बावड़ियां एवं हैंडपंपों को भी लाभ मिलता है .लेकिन गर्मियों की शुरुआत होते ही इस तालाब का जलस्तर कम होने लगा है .इसका सीधा असर क्षेत्र के कुओं और हैंडपंपों पर भी आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है . स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब के संरक्षण और जलभराव की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो गर्मी बढ़ने के साथ जलसंकट और गहरा सकता है .

# ई-टोकन से हो उर्वरक वितरण, अन्य से नहीं

## राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न,नरवाई जलाने पर जुर्माना वसूली करें

**नवभारत न्यूज**

**सागर 24 अप्रैल. ई-टोकन से ही हो उर्वरकों का वितरण, अन्य विधि से नहीं, नरवाई जलाने पर जागरुकता, जुर्माना वसूली एवं एफआईआर की कार्यवाही करें, आरसीएमएस प्रकरणों को प्राथमिकता से और शीघ्रता से निराकृत करें. राहत राशि के प्रकरणों का शीघ्रता से निपटान कर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें, राजस्व प्रकरणों में आदेश होते ही आदेश का अमल सुनिश्चित करें एवं फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा सुधार, फौती नामांतरण के प्रकरण लंबित न रहें.**

उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए. कलेक्टर ने अनुविभागवार और न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसडीएम, तहसीलदार अपने-अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए पक्षकारों से संवाद स्थापित करें एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय से कार्य करें।

> कलेक्टर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की राजस्व के समस्त अधिकारी, कर्मचारी आई गोट कर्मयोगी के अंतर्गत अपना पंजीयन कराएं एवं प्रशिक्षण प्राप्त करें . इसी प्रकार ईएचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से अपनी अपनी सर्विस बुक को ऑनलाइन करें .इसी प्रकार नक्शा सुधार एवं अभिलेख दुरुस्ती के कार्य को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए . कलेक्टर श्रीमती पाल ने नियमित रूप से गांवों में बी-वन वाचन करने और मौके पर ही आवश्यक सुधार कार्य करने के लिए निर्देशित किया है . उन्होंने निर्देश दिए कि प्राकृतिक प्रकोप, राहत राशि का भुगतान तत्काल प्रदान करें . उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन प्रकरणों की भी समीक्षा की .

## सगे भाई पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखेड़ी डांग में हुई प्राणघातक हमले की वारदात में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह निर्णायक कार्यवाही की गई है। घटना 23 अप्रैल 2026 की है, जहाँ ग्राम पीपलखेड़ी डांग में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी घनश्याम भील ने अपने ही बड़े भाई रमेश भील पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने विवाद के दौरान तलवार (तेगा) से अपने भाई के सिर पर वार किया, जिससे रमेश भील गंभीर रूप से घायल हो गए।

# परीक्षा परिणाम : मंत्रियों के क्षेत्र रहे फिसड्डी

## समीक्षा : कलेक्टर ने लगाई फटकार, प्राचार्यों और शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/राजगढ़ 24 अप्रैल, का. हाईस्कूल और हायरसेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा के जिले में सबसे कमजोर परिणाम जिले के दोनो मंत्रियों के क्षेत्र के है. शुक्रवार को कलेक्टर ने परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान संबंधित प्राचार्य और विषय के शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा है. जिनका जवाब संतोषजनक नहीं होगा उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने कही है. इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत भी विषेश रूप से उपस्थित थे.**



उल्लेखनीय है कि हाल ही में हायर सेकेण्ड्री और हाईस्कूलों बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आए है. जिले के सभी 79 हायर सेकेण्ड्री और 215 हाईस्कूलों के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई. इसमें यह तथ्य उभरकर सामने आया कि सबसे फिसड्डी परिणाम जिन स्कूलों का रहा है वे मप्र सरकार में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले जिले के दोनो मंत्री नारायण सिंह पंवार और गौतम टैटवाल के क्षेत्र के क्षेत्रों के है. यद्यपि उनके क्षेत्र के कुछ स्कूल ऐसे भी है जो अव्वल रहे है.

## बारात जुलूस के दौरान कुएं में गिरे युवक की मौत

**सुठालिया/राजगढ़ 24 अप्रैल, सं.** सुठालिया थानांतर्गत ग्राम नानंदपुर में बीती रात्रि को एक बारात के जुलूस के दौरान तीन युवक एकाएक कुएं में जा गिरे. दुर्घटना में एक युवक का प्राणांत हो गया. जबकि दो युवक घायल हो गये. जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित बाराद्वारी से बारात सुठालिया थानांतर्गत ग्राम नानंदपुर गई थी. रात्रि में जब बारात का जुलूस निकल रहा था तभी वहां मौजूद कुएं में एकाएक तीन युवक गिर गये. युवक कान्हा गुर्जर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम छायन थाना राजगढ़, राजा पिता भागीरथ मेवाड़े, रंजित सौंधिया को चोट आई. ग्रामीणों द्वारा युवको को तुरंत कुएं से बाहर निकाला तथा अस्पताल ले गये. प्राथमिक उपचार के बाद युवको को जिला चिकित्सालय राजगढ़ ले जाया गया.

## एक नजर में



### जल चौपाल में बताया पानी का महत्व

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम रामदासी में जल चौपाल का आयोजन किया गया .जल चौपाल में किसानों को फसलों में उचित जल प्रबंधन एवं जल के समुचित उपयोग की जानकारी व और ड्रिप तथा स्प्रिंकलर का उपयोग करने की सलाह दी गई .

### समन्वय समिति की बैठक 27 अप्रैल को

**बैतूल।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को लेकर समन्वय समिति की बैठक 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी।यह बैठक कलेक्टर डॉ . सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन की विशेष उपस्थिति में दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभा गृह बैतूल में आयोजित होगी। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने बताया कि बैठक में शिविर के आयोजन, व्यवस्थाओं, संसाधनों की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने 27 को रैली

**ब्यावरा.** 27 अप्रैल को देश की 5000 से अधिक तहसीलों में एक साथ ज्ञापन सौंपकर संतों और गौ-भक्तों के द्वारा गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और केंद्रीय कानून बनाने की मांग की जाएगी. संतों के सान्निध्य और मार्गदर्शन में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. तहसीलों में एक साथ गौ-भक्त एकत्रित होकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे. ब्यावरा में भी कार्यक्रम को लेकर उत्साह है . 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे माँ वैष्णों देवी मंदिर धाम से भजन कीर्तन के साथ रैली प्रारंभ होगी . राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. अभियान से जुड़े संतों का कहना है कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की आधारशिला है . जब तक गौ माता को उसका खोया हुआ सम्मान नहीं मिलता और वध शालाएं पूर्णत: बंद नहीं होतीं, यह अहिंसक आंदोलन जारी रहेगा .

### आज भी जारी रहेगी स्लॉट बुकिंग व खरीदी

**विदिशा,** शासकीय अवकाश होने के बावजूद शनिवार को भी किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य निरंतर जारी रहेगा . प्रशासन द्वारा यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और निर्धारित समय सीमा में खरीदी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके .जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं . संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो .इसके साथ ही स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया भी नियमित रूप से संचालित की जाएगी, जिससे किसान अपनी सुविधा अनुसार समय निर्धारित कर उपज विक्रय हेतु केंद्रों पर पहुंच सके . प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित स्लॉट के अनुसार ही केंद्रों पर पहुंचे और खरीदी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें .प्रशासन का उद्देश्य है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसानों के हित में समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके .

# भगवान भरोसे है बसों में यात्रियों की सुरक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 24 अप्रैल. जिले में संचालित यात्री बसों की हालत इन दिनों गंभीर चिंता का विषय बन गई है। जहां एक ओर भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर बसों में यात्रियों की सुरक्षा के इंतजाम सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गए हैं. हाल ही में यातायात विभाग द्वारा की गई सघन जांच में जो तस्वीर सामने आई, वह चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि भयावह भी है.**



हाल ही में यातायात अमले ने पांच यात्री बसों की जांच की, लेकिन इनमें एक भी बस ऐसी नहीं मिली जिसमें फायर सेफ्टी सिस्टम सही स्थिति में हो. कई बसों में लगे फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर हो चुके थे, तो कुछ पूरी तरह निष्क्रिय पाए गए. हैरानी की बात यह रही कि कुछ बसों में तो फायर सेफ्टी उपकरण मौजूद ही नहीं थे. ऐसे हालात में अगर किसी बस में आग लगने जैसी आपात स्थिति बनती है, तो यात्रियों की जान बचाना बेहद मुश्किल हो सकता है.

जांच के दौरान नियमों की अनदेखी का एक और गंभीर मामला सामने आया. कई बसें बिना वैध परमिट के ही सड़कों पर दौड़ती पाई गईं. यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

> **नियमित जारी रहेगी चैकिंग**
>
> हमारे द्वारा अक्सर व नियमित चैकिंग अभियान चलाया जाता है . कमियां पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाती है और स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी जाती है . सभी बस चालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह कागज पूरे रखें .
>
> **बृजमोहन धाकड़, यातायात प्रभारी**



# 'हंस' की बेपरवाह उड़ान, 2 की मौत, 37 घायल

**नवभारत न्यूज**

**करनवास/नरसिंहगढ़ 24 अप्रैल, सं. जिले में शुक्रवार की अल सुबह दो बस हादसे हुए. एक साढ़े 3 बजे और दूसरा 7 बजे. दोनों में हादसे का शिकार हंस ट्रेवल्स की बस हुई. दोनों दुर्घटनाओं में 2 की मौत हो गई जबकि 37 के करीब घायल है. एक बस हेल्पर तथा एक बालक का प्राणांत हो गया. करनवास के समीप हाईवे पर लापरवाही पूर्वक खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी.**

करनवास के समीप आजाद पेट्रोल पंप के निकट बीती मध्य रात्रि को सड़क पर लापरावाही पूर्वक खड़े ट्रक से एकाएक यात्री बस टकरा गई. दुर्घटना में बस के हेल्पर की मौत हो गई जबकि 27 से 28 यात्रियों को चोट आई. हादसे के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और समय पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.

पुलिस के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 3.40 बजे यह घटना हुई. फरियादी बस चालक नवलकिशोर पिता भूपेन्द्र कुमार शर्मा उम्र 38 साल निवासी ग्राम चिरपुरा थाना विलोवा जिला ग्वालियर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ट्रक क्रमांक यू.पी. 93, बी.टी. 4907 को चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना किसी ट्रैफिक लाइट या सिग्नल के सड़क पर खड़ा कर रखा था.

> घटना की जानकारी लगते ही पुलिस बल एवं एम्बुलेंस वाहन मौके पर पहुंचे . सूचना मिलते ही पुलिस वाहन डायल 112 के द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत अस्पाताल पहुंचाया गया . पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के . एल . बंजारे के निर्देशन में एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा, टीआई वीरेन्द्र धाकड़, देहात थाना टीआई प्रवीण जाट एवं करनवास थाना प्रभारी संगीता शर्मा व टीम तत्काल मौके पर पहुंची . पुलिस वाहनों से भी घायलों को ब्यावरा अस्पताल पहुंचाया गया .

# आईपीएल सट्टे के बड़े गिरोह का पर्दाफाश

**नवभारत न्यूज**

**गुना 24 अप्रैल का। आईपीएल के सीजन में जहाँ एक ओर क्रिकेट का रोमांच चरम पर है, वहीं दूसरी ओर सट्टे का काला कारोबार युवाओं की जिंदगी और भविष्य को दीमक की तरह चाट रहा है। गुना पुलिस ने इस अवैध नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार करते हुए धरनावदा थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर एक लग्जरी थार गाड़ी में बैठकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे तीन शातिर बदमाशों को दबोच लिया है।इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पुलिस मुस्तैद है, लेकिन सट्टे का यह जाल जिले के युवाओं को बबार्दी की कगार पर खड़ा कर रहा है।**




शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी हितिका वासल ने बताया कि 22 अप्रैल की रात मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे पर 'मिडवे ट्रीट' के पास एक बिना नंबर की थार गाड़ी में कुछ लोग मोबाइल के जरिए आईपीएल मैचों पर दांव लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। जैसे ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की, कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें दबोच लिया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 5 से

**सागर.** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 मई से खेल परिसर में 15 खेलों में तथा समस्त विकासखंडों में 02 खेलों में किया जा रहा है. जिसमें 8 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बालक, बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते है. खिलाड़ी पंजीयन खेल परिसर में करा सकते है अथवा शिविर के विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है. खेल परिसर में प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, श्रीमती सीमा चक्रवर्ती, श्रीमती संगीता सिंह, मंगल यादव, श्यामलाल पाल, उमेशचंद्र मोर्य नफीस खान आदि से संपर्क कर सकते है.

**पत्रकारवार्ता** | **महिलाओं के आक्रोश को लेकर मुखर हुईं भाजपा नेत्री**

# कांग्रेस ने नारी शक्ति के साथ किया विश्वासघात : सविता दीवान

**बैतूल। जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में महिला जन आक्रोष को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व भाजपा नेत्री सविता दिवान ने महिलाओं के आक्रोष को लेकर विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि पिछले दिनो संसद में जो हुआ, वह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विपक्ष में वोट करना महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाला है।**




इंडी गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह महिला विरोधी गठबंधन है जिसने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी की आवाज को सदन में 75 साल बाद भागीदारी का अवसर देने का प्रयास किया लेकिन परिवार वाद वाली पार्टीयों ने महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ खिलाफत करते हुए महिलाओं के विरोध में अपने मत का प्रयोग किया। श्रीमती दिवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का जो संकल्प लिया है, वह किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं पडेगा। आज की नारी केवल मतदाता नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश और देश में महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, वे भाजपा की नीतियों का परिणाम हैं। श्रीमती दिवान ने पत्रकारो के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन पर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का प्रयास किया रहा है। श्रीमती दिवान ने कहा कि कांग्रेस, सपा और उनके सहयोगियों के इस महिला-विरोधी गठबंधन ने न केवल एक विधेयक को रोका, बल्कि करोडों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और विडंबना देखिए-इस पर विपक्ष जश्न मनाता रहा। विपक्ष का जश्न, हर महिला का अपमान है।

### कांग्रेस के कृत्य को महिलाएं जीवनभर याद रखेंगी

सविता दीवान यह भी कहा कि हम सब ने सदन की कार्यवाही देखी है और हमने यह भी देखा है कि कौन महिला सशक्तिरण के साथ खडे है और कौन लोगो ने इसका विरोध किया। इस विधेयक के लिए पूरे देश की महिलाएं आशांवित थी कि उन्हे लगने लगा था कि देश के नीति निर्धारण में अब उनकी भूमिका भी बराबर की होगीं लेकिन कांग्रेस ने आधी आबादी की आशाओं का गला घोटते हुए लोकसभा में जो कृत्य किया है उसे महिलाएं जीवन भर याद रखेगी।

## कूलर से लगा करंट युवक की मौत

**आष्टा.** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजनी नगर कालोनी निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति की अपने घर में सोते समय कूलर का करंट लगने से मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंजनी नगर कालोनी निवासी मनीष विश्वकर्मा आ. देवकरण बीती रात अपने घर में सो रहा था. जबकि उसकी पत्नी व बच्चे बाहर गए हुए हैं. बताया जाता है कि बीती रात वह अपने कमरे में कूलर के सामने सो रहा था. कूलर से करंट लगने से उसकी मौत हो गई. सुबह वह परिजनों को मृतावस्था में मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.